148535 - मृतक की तस्वीर को अपने मोबाइल फोन पर वॉलपेपर के रूप में लगाने का हुक्म

प्रश्न

क्या मोबाइल फोन या मैसेंजर पर मृतक की तस्वीर को पृष्ठभूमि (वॉलपेपर) के रूप में लगाना जायज़ है?

विस्तृत उत्तर

वे तस्वीरें जो मोबाइल फोन और कंप्यूटर पर हैं, और जो वीडियो पर फिल्माई जाती हैं, वे फोटोग्राफिक तस्वीरों के समान नियम के तहत नहीं आती हैं, क्योंकि वे स्थिर और स्थायी नहीं हैं, जब तक कि उन्हें निकालकर मुद्रित नहीं किया जाता है। इस आधार पर, उन्हें मोबाइल फोन पर रखने में कोई आपत्ति की बात नहीं है, जब तक कि उनमें कोई हराम चीज़ शामिल न हो, जैसे कि वे महिलाओं की तस्वीरें हों।

लेकिन मृतक की तस्वीर को मोबाइल फोन या मैसेंजर पर पृष्ठभूमि के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए ; क्योंकि इससे दु:ख का नवीनीकरण हो सकता है, या महिमा और अतिशयोक्ति का आह्वान कर सकता है, यदि मृतक एक शिक्षक या संरक्षक था। हालाँकि – वास्तविकता के संदर्भ में – मामला अनादर से मुक्त नहीं है, क्योंकि मोबाइल फोन दाएँ और बाएँ फेंका जाता है, तथा उसके लेकर वॉशरूम (शौचालय) आदि में प्रवेश किया जाता है।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।